वी.यू.– मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय के छात्र सी.ई.ओ. पद पर चयनित

राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम द्वारा पोषित राजा भोज मत्स्य कृषक उत्पादक सहकारी मर्यादित, भोपाल द्वारा प्रदेश में मत्स्य पालन को बढ़ावा देने तथा किसानों की दुगनी आए करने हेतु नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय के 2 छात्रों का चयन सीईओ (मुख्य कार्यपालन अधिकारी) पद पर हुआ है। जिसमें श्री शुभेंदु द्विवेदी को भोपाल तथा श्री मनोज कुमार अहिरवार को रायसेन में पदस्थ किया गया है। माननीय कुलपति प्रो (कर्नल) सीता प्रसाद तिवारी जी ने, अधिष्ठाता डॉ. ए.पी.सिंह तथा प्राध्यापकगण डॉ. एस.के. महाजन, डॉ. माधुरी शर्मा, डॉ. सोना दुबे, डॉ प्रीति मिश्रा एवं श्री शिव मोहन की उपस्थिति में छात्र–छात्राओं को बधाई देते चयनित छात्रों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। छात्रों को यह पद महाविद्यालय के प्लेसमेंट इकाई के प्रयासों द्वारा प्राप्त हो सका है।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.विविजबलपुर